

2007-2008

में

भारतीय रेल

के

विनियोग लेखे

भाग I–समीक्षा

(रेलवे बोर्ड द्वारा प्रकाशित)

APPROPRIATION ACCOUNTS

OF

RAILWAYS IN INDIA

FOR 2007-2008

PART I–REVIEW

Issued by:

(RAILWAY BOARD)

विषय–सूची TABLE OF CONTENTS

पृष्ठ Page

प्रस्तावना An Introduction 1

खण्ड SECTION I — **पैरा** Para

वित्तीय परिणाम Financial Results 2-7

ब्याजदेय पूंजी Capital-at-Charge 8

आरक्षित निधियां Reserve Funds 9-14

आस्थगित लाभांश दायिता Deferred Dividend Liability 15

खण्ड SECTION II

अन्तिम लेखे Final Accounts 16

(i) **लाभ और हानि लेखा** Profit and Loss Account 16.1

(ii) **ब्लाक लेखा** Block Account 16.2

(iii) **तुलन–पत्र** Balance Sheet 16.3

खण्ड SECTION III

फार्मो के स्वरूप और लेखों के वर्गीकरण में परिवर्तन 17
Changes in Forms and Classification of Accounts

खण्ड SECTION IV

खर्च की ब्यौरेवार समीक्षा– 18
Detailed Review of Expenditure -

संचालन व्यय (राजस्व) (अनुदान सं. 3 से 13) 19-20
Working Expenses (Revenue) (Grant Nos. 3 to 13)

विविध व्यय (अनुदान सं. 1 और 2) 21
Miscellaneous Expenditure (Grant Nos. 1 & 2)

निर्माण कार्यों पर व्यय (अनुदान सं.16) 22
Works Expenditure (Grant No.16)

निधियों में विनियोग (अनुदान सं.14) 23
Appropriation to Funds (Grant No.14)

सामान्य राजस्व को लाभांश, सामान्य राजस्व से लिए गये ऋणों की वापसी और अतिपूंजीकरण का परिशोधन (अनुदान सं. 15) 24
Dividend to General Revenues, Repayment of loans taken from General Revenues and Amortisation of Over-Capitalisation (Grant No.15)

खण्ड SECTION V

निधियों की व्यवस्था के सम्बन्ध में लेखा परीक्षा के परिणाम 25
Results of Audit Against Provision of Funds

स्वीकृत अनुदानों तथा प्रभृत विनियोग से अधिक खर्च ... ... 26 & 28
Excess over Voted Grants and Charged Appropriations

स्वीकृत अनुदानों तथा प्रभृत विनियोग के अन्तर्गत बचत ... ... 27 & 29
Saving under Voted Grants and Charged Appropriations

अन्य महत्वपूर्ण विशेषताएं Other Important Features

अनियमित पुनर्विनियोग 30.1
Irregular Re-appropriation

अनुमान तैयार करने में खामियां 30.2
Defects in budget estimation

बजट में लेखों से भिन्न वर्गीकृत खर्च 30.3
Expenditure classified differently in the budget from the account

खर्च का गलत इन्दराज 30.4
Wrong booking of expenditure

खण्ड SECTION VI

अन्य विविध विषय Other Miscellaneous Topics

भंडार शेष 31
Stores Balance

रेलवे खान–पान व्यवस्था 32
Railway Catering

राजस्व के दावों में छूट और अपसर्जन 33
Remission and Abandonment of Claims to Revenue

अनुबंध ANNEXURES

अनुबंध क–फार्मो के स्वरूप और लेखों के वर्गीकरण में मामूली परिवर्तन 38-39
Annexure A-Minor changes in Forms and Classification of Accounts

अनुबंध ख–बजट बनाने तथा बजट में खर्च के लेखों से भिन्न वर्गीकरण में त्रुटियां 40-59
Annexure B-Defects in budgeting and expenditure classified differently in the budget from the accounts.

अनुबंध ग–परिचालन अनुपात (विभिन्न रेलों के संचालन व्यय का आमदनी से प्रतिशत) 60
Annexure C-Operating Ratio (percentage of Working Expenses to Earnings of various Railways)

अनुबंध घ–विभिन्न रेलों की कुल आमदनी, संचालन व्यय आदि 61
Annexure D-Gross Earnings, Working Expenses etc. of various Railways

अनुबंध ड.– सामान्य राजस्व को भारतीय रेलों की ऋणग्रस्तता 62
Annexure E-Indebtedness of Indian Railways to General Revenues

अनुबंध च–भंडार शेष 63
Annexure F-Stores Balance

भारतीय रेल के

2007 – 08

के

विनियोग लेखों की समीक्षा

REVIEW

OF

APPROPRIATION ACCOUNTS

OF RAILWAYS IN INDIA

FOR THE YEAR 2007-08

---

1. **इस समीक्षा में वर्ष 2007 – 08 में रेलों के वित्तीय परिणामों का चित्र और साथ ही वित्तीय प्रबन्ध की स्थिति का सामान्य विवेचन प्रस्तुत किया गया है। इसमें 2007 – 08 के वित्तीय परिणाम दिये हैं और उनकी तुलना इस वर्ष के बजट और संशोधित अनुमानों तथा पिछले दो वर्षों के वास्तविक आंकड़ों से की गई है, साथ ही इसमें इस वर्ष के लाभ और हानि लेखे और तुलनपत्र सहित अन्तिम लेखे दिखाये गये हैं। इस समीक्षा में निधियों की व्यवस्था और खर्च पर नियंत्रण के संबंध में लेखा परीक्षा द्वारा उठाये गये कुछ महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार किया गया है। वर्ष के विभिन्न स्वीकृत अनुदानों और प्रभृत विनियोगों के विस्तृत विनियोग लेखे पहले की तरह ही भाग II-ब्यौरेवार विनियोग लेखे में दिखाए गये हैं।**

   This review presents a picture of the financial results of the Railways for the year 2007-08 together with a general survey of the state of financial administration. It appraises the financial results for the year 2007-08 in comparison with Budget and Revised Estimates for the year as also for the two preceding years and exhibits the Final Accounts including the Profit and Loss Account and Balance Sheet for the year. Certain points of interest arising out of audit against provision of funds and control over expenditure are also dealt with herein. The individual Detailed Appropriation Accounts of the various Voted Grants and Charged Appropriations for the year are, as usual, embodied in Part II-Detailed Appropriation Accounts.

खण्ड SECTION 1

2007–08 के वित्तीय परिणाम Financial Results 2007-08

2.1 वर्ष 2007–08 के दौरान, राजस्व लेखे में व्यय पर प्राप्तियों में "आधिक्य" 13431.09 करोड़ रूपए था जबकि बजट अनुमान में 11449.45 करोड़ रुपए और संशोधित अनुमान में 13534.08 करोड़ रुपए के आधिक्य की परिकल्पना की गयी थी। विस्तृत वित्तीय परिणामों का ब्यौरा नीचे तालिका–I में दिखाया गया है:–

The "Excess" of Receipts over Expenditure during the year 2007-08, on Revenue Account was Rs. 13431.09 crore, against the estimated "Excess" of Rs. 11449.45 crore envisaged in Budget Estimate and Rs. 13534.08 crore projected in the Revised Estimate. The detailed financial results are shown in table-I below:-

तालिका TABLE I

(करोड़ रुपए में Rs. in crore)

विवरण Description	2007–08 बजट अनुमान Budget Estimate	2007–08 संशोधित अनुमान Revised Estimate	2007–08 वास्तविक Actuals	2006–07 वास्तविक Actuals	2005–06 वास्तविक Actuals
1	2	3	4	5	6
1. (क) ब्याजदेय पूंजी (a) Capital-at-Charge	63243.07	63380.36	63980.81$	58145.15	53062.43
(ख) पूंजी निधि से निवेश (b) Investment from Capital Fund	25849.94	24794.15	24540.33 *	17885.55	12815.94
2. (क) कुल आमदनी (a) Gross Earnings	71218.00	72655.00	71644.66	62370.49	54404.56
(ख) यातायात उचंत (b) Traffic Suspense	100.00	100.00	75.40	361.01	86.82
(ग) यातायात से कुल प्राप्ति (c) Gross Traffic Receipts	71318.00	72755.00	71720.06	62731.50	54491.38
3. (क) साधारण संचालन व्यय (उचंत को छोड़कर) (a) Ordinary Working Expenses (Excluding Suspense)	42713.00 @	41717.58	40977.39	37457.54	35002.31
(ख) मूल्यह्रास आरक्षित निधि और पेंशन निधि में विनियोग (b) Appropriation to Depreciation Reserve Fund & Pension Fund	14179.82 #	13700.00	13429.00	11614.00	10544.00
(ग) जोड़ (उचंत को छोड़कर) (c) Total Working Expenses (excluding suspense) (3a+3b)	56892.82 &	55417.58	54406.39	49071.54	45546.31
(घ) उचंत (विविध अग्रिम – राजस्व और देय मांगें) (d) Suspense (Misc. Advance - Revenue & Demands Payable)	–26.00	3.42	55.78	–25.01	27.22
(ङ) कुल संचालन व्यय (e) Total Working Expenses	56866.82 &	55421.00	54462.17	49046.53	45573.53
4. यातायात से शुद्ध प्राप्तियां (2 ग–3 ङ) Net Traffic Receipts (2c—3e)	14451.18	17334.00	17257.89	13684.97	8917.85
5. (क) विविध प्राप्तियां (a) Misc. Receipts	2124.47	1608.76	1556.51 Ù	2054.34	1824.13
(ख) विविध भुगतान जिसमें चालित लाइनों और चालू लाइन निर्माण (राजस्व) को दी गयी छूट शामिल है। (b) Misc. Payments including rebates paid to Worked Lines and Open Line Works (Revenue)	553.66	526.56	480.38	1286.18	2736.10

(करोड़ रुपए में Rs. in crore)

	विवरण Description	2007–08 बजट अनुमान Budget Estimate	2007–08 संशोधित अनुमान Revised Estimate	2007–08 वास्तविक Actuals	2006–07 वास्तविक Actuals	2005–06 वास्तविक Actuals
	1	2	3	4	5	6
6.	शुद्ध विविध प्राप्तियां 5 (क)–5 (ख) Net Misc. Receipts 5(a)—5(b)	1570.81	1082.20	1076.13	768.16	–911.97
7.	शुद्ध राजस्व (मद 4+6) Net Revenue (Item 4 + 6)	16021.99	18416.20	183 3 4.02	14453.13	8005.88
8.	सामान्य राजस्व को लाभांश Dividend to General Revenues	4572.54	4882.12	4902.93	4246.81	3 667.92
9.	वृद्धि (+)/कमी (–) Excess (+) / Shortfall (-)	11449.45	13 53 4.08	13 43 1.09	10206.3 2	43 3 7.96
10.	संचालन व्यय का कुल आय से प्रतिशत मद 3 (ग) x 100 मद 2 (क) Percentage of Working Expenses to Gross Earnings Item 3 (c) x100 Item 2 (a)	79.88	76.27	75.94	78.68	83.72
11.	शुद्ध राजस्व का ब्याजदेय पूंजी से प्रतिशत पूंजी निधि से निवेश सहित मद 7 x 100 मद 1 (क)+(ख) Percentage of Net Revenue to Capital-at-Charge including Investment from Capital Fund Item 7 x 100 Item 1(a) + (b)	17.98	20.89	20.71	19.01	12.15
12.	सामान्य राजस्व को दिए गए लाभांश का ब्याज देय पूंजी से प्रतिशत मद 8 x 100 मद 1 (क) Percentage of Dividend paid to General Revenues to Capital-at-Charge Item 8 x 100 Item 1(a)	7.23	7.70	7.66	7.3 0	6.91

व्याख्या Explanations:-

(\$) **इसमें महानगर परिवहन परियोजना (4652.14 करोड़ रुपए), परिक्रमा रेलवे (477.95 करोड़ रुपए), उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला परियोजना (राष्ट्रीय निवेश) (463 4.14 करोड़ रुपए) और विशेष रेल संरक्षा निधि में विनियोग (11954.00 करोड़ रुपए) शामिल नहीं हैं और उत्पादन इकाइयों के और रे. वि./इलाहाबाद के 6560.99 करोड़ रुपए शामिल हैं।**
Excludes Capital-at-Charge of Metropolitan Transport Projects (Rs. 4652.14 crore), Circular Railways (Rs. 477.95 crore), Udhampur-Srinagar-Baramulla Project (National Investment) (Rs. 4634.14 crore) and Appropriation to SRSF (Rs.11954.00 crore) and includes Rs. 6560.99 crore of Production Units and C.O.RE/ALD.

* **उत्पादन इकाइयों और रे. वि./इलाहाबाद के 406.3 2 करोड़ रुपए शामिल हैं।**
Includes Rs.406.32 crore of Production Units and RE/ALD.

(^) **इसमें लाभांश राहत और अन्य रियायतों के लिए सामान्य राजस्व से "आर्थिक सहायता" के लेखे में 1468.01 करोड़ रुपए शामिल हैं।**
Includes Rs. 1468.01 crore on account of 'Subsidies' from General Revenues towards dividend reliefs and other concessions.

(#) **निधि शेषों में ब्याज शामिल है। (179.82 करोड़ रूपये)**
Includes interest on fund balances. (Rs. 179.82 Crore)

(&) **निधि शेषों पर अर्जित ब्याज पर विनियोग शामिल है। (179.82 करोड़ रूपये)**
Includes appropriation of interest earned on fund balances. (Rs. 179.82 Crore)

@ **सामरिक लाईनों पर परिचालित हानियों पर हानियां शामिल है।**
Includes loss on operating losses on strategic lines.

2.2 2006–07 की तुलना में संचालन व्यय 5415.64 करोड़ रुपए बढ़ा जबकि सकल प्राप्तियों में 8988.56 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई।

सकल आमदनी से संचालन व्यय का प्रतिशत (परिचालन अनुपात) 2006–07 में 78.68 और 2005–06 में 83.72 की तुलना में 75.94 रहा। ब्याज देय पूंजी तथा पूंजी निधि से निवेश से "शुद्ध राजस्व" का अनुपात भी 2006–07 में 19.01 और 2005–06 में 12.15 की तुलना में इस वर्ष 20.71 था। अलग–अलग क्षेत्रीय रेलों के वास्तविक संचालन व्यय का कुल आमदनी से प्रतिशत अनुबंध "ग" में दिखाया गया है और प्रत्येक क्षेत्रीय रेलवे की कुल आमदनी, संचालन व्यय आदि के आंकड़े अनुबंध "घ" में दिए गए हैं।

As compared to 2006-07 total Working Expenses rose by Rs. 5415.64 crore while Gross Receipts increased by Rs. 8988.56 crore. The percentage of total Working Expenses to Gross Earnings (Operating Ratio) was 75.94 as against 78.68 in 2006-07 and 83.72 in 2005-06. The ratio of 'Net Revenue' to Capital-at-Charge including investment from Capital Fund for the year was 20.71 as against 19.01 in 2006-07 and 12.15 in 2005-06. The percentage of Working Expenses to Gross Earnings of each Zonal Railways is shown in Annexure "C" and the figures of Gross Earnings, Working Expenses etc. of each Zonal Railways are shown in Annexure "D".

3. लाभांश DIVIDEND

(क) रेल अभिसमय समिति–2004 ने अपनी छठी रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि वर्ष 2007–08 के लिए लाभांश सामान्य राजस्व से रेलों पर किसी भी वर्ष किए गए निवेश पर समग्र निवेशित पूंजी पर 7% की दर पर (महानगर परियोजनाओं और राष्ट्रीय परियोजनाओं को छोड़कर) आकलित किया जाए, जिसमें 31.03.1964 तक निवेशित पूंजी पर 1.5 प्रतिशत शामिल है (आर्थिक सहायता के लिए अर्हक पूंजी को घटाकर), जिसका यात्री किराया कर के बदले राज्य सरकार को अनुदान के लिए 23.12 करोड़ रुपए का अंशदान किया जाना है और शेष राशि, यदि कोई हो, रेल संरक्षा निधि में अंशदान किया जाए।

(a) The Railway Convention Committee-2004 recommended in their 6th Report that the dividend for the year 2007-08 may be computed at the rate of 7% on the entire Capital invested on Railways (excl. Metropolitan Projects and National Projects) irrespective of the year of investment including 1.5% on the Capital invested up to 31.03.1964 (less Capital qualifying for Subsidy), which is to be used for making a contribution of Rs. 23.12 crores for grants to States in lieu of passenger fare tax and the balance amount, if any, to be contributed to the Railway Safety Fund.

(ख) वर्ष 2007–08 के दौरान सामान्य राजस्व को देय लाभांश 4213.24 करोड़ रुपए था (यात्री किराया कर और रेल संरक्षा निधि के अंशदान को छोड़कर) जो पिछले वर्ष की तुलना में 655.12 करोड़ रुपए अधिक था।

(b) The Dividend payable to the General Revenues during the year 2007-08 was Rs. 4213.24 crore (excludes contribution of Passenger fare tax and Railway Safety Fund) which was Rs. 655.12 crore more than the previous year.

(ग) रेल अभिसमय समिति, 1977 की सिफारिशों के अनुसार लाभांश के भुगतान के लिए 1.4.1979 से सामान्य राजस्व से कोई ऋण लिया जाना अपेक्षित नहीं है। लाभांश दायिता का भुगतान रेलों के पास उपलब्ध 'शुद्ध राजस्व' से किया जाना है। सामान्य राजस्व को देय लाभांश की राशि तथा वास्तव में किये गए भुगतान के बीच के अंतर को "आस्थगित लाभांश देयता" के रूप में अग्रेनीत किया जाएगा और उसका भुगतान भविष्य में होने वाले अधिशेष से किया जाएगा। इस वर्ष रेलवे का "शुद्ध राजस्व" 183 3 4.02 करोड़ रुपए निकाला गया और सामान्य राजस्व को लाभांश के 4902.93 करोड़ रुपए का भुगतान करने के बाद (आस्थगित लाभांश के तहत 664.00 करोड़ रुपए का भुगतान शामिल है) 13 43 1.09 करोड़ रुपए का अधिशेष था।

(c) In terms of recommendations of the Railway Convention Committee 1977, no loans are required to be taken from General Revenues from 1.4.1979 for dividend equalisation. The dividend liability is to be discharged to the extent of 'Net Revenue' available with the Railways. The difference between the amount of dividend due to be paid to the General Revenues and that actually paid is to be carried forward as 'Deferred Dividend Liability' for payment out of future surplus. This year the 'Net Revenue' of Railways worked out to Rs. 18334.02 crore and after making payment of Rs. 4902.93 crore as dividend to General Revenues (includes Rs. 664.00 crores payment towards deferred dividend), there was an "excess" of Rs. 13431.09 crore.

4. "आधिक्य" "EXCESS"

2007–08 के लेखे 13 43 1.09 करोड़ रुपए के "आधिक्य" के साथ बंद हुए जबकि बजट अनुमान के समय 11449.45 करोड़ रुपए तथा संशोधित अनुमानों में 13 53 4.08 करोड़ रुपए की परिकल्पना की गई थी। इसका उपयोग निम्न प्रकार से किया गया है:–

The accounts for the year 2007-08 closed with an "Excess" of Rs. 13431.09 crore as against Rs. 11449.45 crore as envisaged at Budget Estimates stage and Rs. 13534.08 crore projected in the Revised Estimate. This has been utilised as under :–

(करोड़ रुपयों में Rs. in crore)

(i)	विकास निधि को प्रभार्य कार्यों पर खर्च को पूरा करने के लिए विकास निधि में विनियोग Appropriation to Development Fund to meet with the expenditure chargeable to Development Fund	23 59.00
(ii)	पूंजी निधि में विनियोग Appropriation to Capital Fund	11072.09
		13 43 1.09

5. संचालन व्यय WORKING EXPENSES

5.1 बजट अनुमान (शुद्ध) की तुलना में 2404.65 करोड़ रुपए (शुद्ध) की बचत संचालन व्यय के अंतर्गत हुई। यह बचत 2738.90 करोड़ रुपये की कुल बचत के कारण हुई जो 334.25 करोड़ रु. की वृद्धि से अंशतः संतुलित हो गयी। खर्च में वृद्धि/बचत निम्न प्रकार से हुईः

There was saving in the working expenses to the extent of Rs. 2404.65 crore (Net) as compared to Budget Estimate (Net). This was caused by way of saving amounting to Rs. 2738.90 crore; partly offset by an excess of Rs. 334.25 crore. The 'Excess/Savings' in expenditure was as under:-

बचत इस प्रकार है Savings as under :

*(करोड़ रुपयों में **Rs. in crore**)*

(i)	**सामान्य अधीक्षण और सेवाऐं** General Superintendence and Services.	**185.05**
(ii)	**रेलपथ और निर्माण कार्यों की मरम्मत और अनुरक्षण** Repairs and Maintenance of Permanent Way & Works.	**308.32**
(iii)	**रेल इंजनों की मरम्मत और अनुरक्षण** Repairs & Maintenance of Motive Powers	**294.64**
(iv)	**सवारी और माल डिब्बों की मरम्मत और अनुरक्षण** Repairs and Maintenance of Carriages and Wagons.	**374.77**
(v)	**संयत्र व उपस्कर की मरम्मत और अनुरक्षण** Repairs and Maintenance of Plant & Equipment	**192.21**
(vi)	**परिचालन व्यय–चलस्टाक और उपस्कर** Operating Expenses-Rolling Stock & Equipment.	**124.78**
(vii)	**परिचालन व्यय (यातायात)** Operating Expenses (Traffic)	**336.31**
(viii)	**परिचालन व्यय–ईंधन** Operating Expenses (Fuel)	**89.36**
(ix)	**कर्मचारी कल्याण और सुख सुविधाऐं** Staff Welfare and Amenities.	**82.64**
(x)	**निधियों में विनियोजन** Appropriation to Funds	**750.82**
	कुल Total	**2738.90**

निम्नलिखित में हुई वृद्धि से अंशतः संतुलित किया : –
Partly offset by an excess as under :–

(करोड़ रुपयों में Rs. in crore)

(i)	**विविध संचालन व्यय** Miscellaneous Working Expences	**292.00**
(ii)	**भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृति लाभ** Provident fund, Pension and other retirement Benefits	**42.25**
	कुल Total	**334.25**
	शुद्ध बचत Net Saving	**2404.65**

5.2 संशोधित अनुमान की तुलना में 958.84 करोड़ रु. (शुद्ध) की बचत हुई। यह बचत 983.63 करोड़ रूपये की कुल बचत के कारण हुई जो 24.79 करोड़ रूपये की वृद्धि से अंशतः सतुंलित हो गयी। खर्च में वृद्धि/बचत निम्न प्रकार से हुईः–

As compared to Revised Estimate, there was saving of Rs. 958.84 crore (Net). This was caused by way of saving amounting to Rs.983.63 crores; partey offset by an excess of Rs.24.79 crore. The 'Excess/Savings' in expenditure was as under:-

बचत इस प्रकार है :–
Saving as under : -

*(करोड़ रुपयों में **Rs. in crore**)*

(i)	**सामान्य अधीक्षण और सेवाएं** General Superintendence and Services.	**78.02**
(ii)	**रेलपथ और निर्माण कार्यों की मरम्मत और अनुरक्षण** Repairs and Maintenance of Permanent Way & Works.	**96.06**
(iii)	**रेल इंजनों की मरम्मत व अनुरक्षण** Repairs and Maintenance of Motive Power.	**46.30**
(iv)	**सवारी और माल डिब्बों की मरम्मत और अनुरक्षण** Repairs and Maintenance of Carriages and Wagons.	**93.77**
(v)	**संयत्र व उपस्कर की मरम्मत और अनुरक्षण** Repairs and Maintenance of Plant & Equipment.	**28.91**
(vi)	**परिचालन व्यय–चलस्टाक और उपस्कर** Operating Expenses-Rolling Stock & Equipment.	**7.47**
(vii)	**परिचालन व्यय (यातायात)** Operating Expenses (Traffic)	**230.89**
(viii)	**परिचालन व्यय (ईंधन)** Operating Expenses (Fuel)	**45.72**
(ix)	**कर्मचारी कल्याण और सुख–सुविधाएं** Staff Welfare & Amenities	**40.90**
(x)	**विविध संचालन व्यय** Miscellaneous Working Expenses.	**44.59**
(xi)	**निधियों में विनियोजन** Appropriation to Funds	**271.00**
	शुद्ध बचत Net Saving	**983.63**

निम्नलिखित में हुई वृद्धि से अंशतः सतुंलित कियाः–
Partly offset by an excess as under:-

(करोड़ रुपयों में Rs. in crore)

(i)	**भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ** Provident Fund, Pension and Other Retirement Benefits	**24.79**
	कुल Total	**24.79**
	शुद्ध बचत Net Saving	**958.84**

6. **कुल प्राप्तियों का ब्यौरा** **DETAILS OF GROSS RECEIPTS**

तालिका TABLE II

(करोड़ रुपए में Rs. in crore)

विवरण Description	**2007–08 बजट अनुमान** Budget Estimate	**2007–08 संशोधित अनुमान** Revised Estimate	**2007–08 वास्तविक** Actuals	**2006–07 वास्तविक** Actuals	**2005–06 वास्तविक** Actuals
1	2	3	4	5	6
(i) **यात्री यातायात से आमदनी** Passenger Earnings	**20075.00**	**20075.00**	**19844.17**	**17224.56**	**15126.00**
(ii) **अन्य कोचिंग यातायात से आमदनी** Other Coaching Earnings	**2200.00**	**2200.00**	**1800.30**	**1717.73**	**1152.56**
(iii) **माल यातायात से आमदनी** Goods Earnings	**46943.00**	**47743.00**	**47434.90**	**41716.50**	**36286.97**
(iv) **फुटकर आमदनी** Sundry Earnings	**2000.00**	**2637.00**	**2565.29**	**1711.70**	**1839.03**

2007 – 082007 – 08 विवरण Description	2007 – 08 बजट अनुमान Budget Estimate	2006 – 07 संशोधित अनुमान Revised Estimate	2005 – 06 वास्तविक Actuals	वास्तविक Actuals	वास्तविक Actuals
(v) उचंत (वसूल न की गई आमदनी) Suspense (Unrealised Earnings)	100.00	100.00	75.40	3 61.01	86.82
कुल प्राप्तियां Gross Receipts	713 18.00	72755.00	71720.06	6273 1.50	54491.3 8

इस वर्ष सकल प्राप्ति 71720.06 करोड़ रुपए हुई जो बजट अनुमान से 402.06 करोड़ रुपए अधिक थी। बजट अनुमान की तुलना में यह वृद्धि माल यातायात से आमदनी (491.90 करोड़ रुपए) और फुटकर आमदनी (565.29 करोड़ रुपए); जो यात्री यातायात से आमदनी (23 0.83 करोड़ रुपए), अन्य कोंचिग से आमदनी (3 99.70 करोड़ रुपए) और उचंत से (24.60 करोड़ रुपए) के अंतर्गत हुई कमी से अंशतः संतुलित हो गई।

The Gross Receipt for the year amounting to Rs. 71720.06 crore were Rs. 402.06 crore more than the Budget Estimate. The increase as compared to Budget Estimate was under Goods Earnings (Rs. 491.90 crore) and Sundry Earnings (Rs.565.29 crore); party offset by decrease under passenger Earnings (Rs.230.83 crore), other Coaching Earnings (Rs. 399.70 crore) and Suspense(Rs. 24.60 crore).

संशोधित अनुमानों की तुलना में 103 4.94 करोड़ रुपए की कमी मुख्यतः यात्री यातायात से आमदनी (23 0.83 करोड़ रुपए), अन्य कोंचिग से आमदनी (3 99.70 करोड़ रुपये), माल यातायात से आमदनी (3 08.10 करोड़ रुपए), फुटकर आमदनी (71.71 करोड़ रुपए) व उचंत के अंतर्गत (24.60 करोड़ रुपए) हुई।

As compared to the Revised Estimate the decrease was Rs. 1034.94 crore which was mainly under Passenger Earnings (Rs. 230.83 crore), Other Coaching Earnings (Rs. 399.70 crore), Goods Earnings (Rs 308.10 crore), Sundry Earnings (Rs. 71.71 crore) and Suspense (Rs.24.60 crore).

7. विविध प्राप्तियां MISCELLANEOUS RECEIPTS

तालिका TABLE III

(करोड़ रुपए में Rs. in crore)

	विवरण Description	2007 – 08 बजट अनुमान Budget Estimate	2007 – 08 संशोधित अनुमान Revised Estimate	2007 – 08 वास्तविक Actuals	2006 – 07 वास्तविक Actuals	2005 – 06 वास्तविक Actuals
	1	2	3	4	5	6
(i)	शाखा लाइन कंपनियों से अधिशेष लाभ का हिस्सा Share of Surplus Profit from Branch Line Companies.	--	--	0.12	0.13	0.13
(ii)	रेलवे भर्ती बोर्ड Railway Recruitment Boards	12.67	15.55	10.63	15.45	14.49
(iii)	अन्य विविध प्राप्तियां Other Miscellaneous Receipts	15.56	67.88	77.76	69.54	18.3 3
(iv)	सामान्य राजस्व से आर्थिक सहायता Subsidy from General Revenues	1276.00	1525.3 3	1468.00	1151.56	1042.58
(v)	यात्री किराया संरक्षा अधिभार Safety Surcharge on Passenger Fare	0	0	0	817.66	748.60
(vi)	रेल निधियों में विनियोजित राजस्व पर अर्जित ब्याज Interest earned on revenue appropriated to Railway funds.	820.24	0	*	*	--
	जोड़ Total	2124.47	1608.76	1556.51	2054.3 4	1824.13

निधि शेषों पर ब्याज शामिल नहीं है।

* Excludes interest on fund balances.

आलोच्य वर्ष में वास्तविक विविध प्राप्तियां 1556.51 करोड़ रुपए थी जो 2124.47 करोड़ रुपए के बजट अनुमान से 567.96 करोड़ रुपए और 1608.76 करोड़ रुपए के संशोधित अनुमानों से 52.25 करोड़ रुपए कम थी।

The actual Miscellaneous Receipts for the year was Rs. 1556.51 crore. These were Rs. 567.96 crore less than the Budget Estimate of Rs. 2124.47 crore and Rs. 52.25 crore less than the Revised Estimate of Rs. 1608.76 crore.

बजट अनुमानों की तुलना में यह कमी निम्नलिखित के कारण हुई :–

As compared to Budget Estimate the decrease was due to :-

(करोड़ रुपयों में Rs. in crore)

(i)	रेलवे भर्ती बोर्डों के अन्तर्गत प्राप्तियां Receipts under Railway Recruitment Boards	2.04
(ii)	रेल निधियों में विनियोजित राजस्व पर अर्जित ब्याज Interset earned on revenue appropriated to Railway Funds.	820.24
	कुल Total	822.28

निम्नलिखित में हुई वृद्धि से अंशतः संतुलित किया :–

Party offset by an increase due to :-

(i)	शाखा लाइन कंपनियों से अधिशेष लाभ का हिस्सा Share of Surplus Profit from Branch Lines Companies.	0.12
(ii)	अन्य विविध प्राप्तियां Other Miscellaneous Receipts.	62.20
(iii)	लाभांश राहत तथा अन्य रियायतों को सामान्य राजस्व से आर्थिक सहायता Subsidy from General Revenues towards dividends reliefs and other concessions.	192.00
	जोड़ Total	254.32
	शुद्ध कमी Net decrease	567.96

संशोधित अनुमानों की तुलना में यह कमी निम्नलिखित के कारण हुई :–

As compared to Revised Estimate the decrease was due to :-

(करोड़ रुपयों में Rs. in crore)

(i)	रेलवे भर्ती बोर्डो के अन्तर्गत प्राप्तियां Receipts under Railway Recruitment Boards	4.92
(ii)	लाभांश राहत तथा अन्य रियायतों को सामान्य राजस्व से आर्थिक सहायता Subsidy from General Revenues towards dividend reliefs and other concessions	57.33
	जोड़ Total	62.25

निम्नलिखित में हुई वृद्धि से अंशतः संतुलित किया :–

Partly offset by an increase due to : -

(i)	शाखा लाइन कंपनियों से अधिशेष लाभ का हिस्सा Share of Surplus Profit from Branch Lines Companies.	0.12
(ii)	अन्य विविध प्राप्तियां Other Miscellaneous Receipts	9.88
	जोड़ Total	10.00
	शुद्ध कमी Net decrease	52.25

8. ब्याज देय पूंजी CAPITAL-AT-CHARGE

31.03.2008 को ब्याज देय पूंजी की राशि 73745.04 करोड़ रुपए थी जिसमें महानगर परिवहन परियोजनाओं के 4652.14 करोड़ रुपए और पूर्व, दक्षिण मध्य व पश्चिम रेलवे की परिक्रमा रेल परियोजना से सम्बन्धित 477.95 करोड़ रुपए और उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला परियोजना (राष्ट्रीय निवेश) के 4634.14 करोड़ रुपए शामिल हैं और पूंजी निधि के 24540.33 करोड़ रुपए शामिल नहीं हैं। इस प्रकार वर्ष 2007–08 में 7134.12 करोड़ रुपए (महानगर परिवहन परियोजनाओं के 399.58 करोड़ रुपए, पूर्व, दक्षिण मध्य व पश्चिम रेलवे की परिक्रमा रेल परियोजना के 2.49 करोड़ रुपए और उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला परियोजना (राष्ट्रीय निवेष) के 896.39 करोड़ रुपये शामिल हैं) अधिक थे।

Capital-at-Charge which stood at Rs. 73745.04 crore as on 31.3.2008 includes Rs. 4652.14 crore relating to Metropolitan Transport Project, Rs. 477.95 crore relating to Circular Railway Project portion of Eastern, South Central and Western Railways and Rs. 4634.14 crore relating to Udhampur-Srinagar-Baramulla project (National Investment) and excludes Capital Fund (Rs. 24540.33 crore). There was an increase of Rs. 7134.12 crore in 2007-08 (inclusive of Rs. 399.58 crore relating to Metropolitian Transport Project, Rs. 2.49 crore relating to Circular Railway Projects of Eastern, South Central and Western Railways and Rs. 896.39 crore relating to Udhampur-Srinagar-Baramulla project (National Investment).

इस प्रकार यह वृद्धि मुख्यतः नई परिसम्पत्तियों पर अतिरिक्त खर्च के कारण हुई जो कि अन्य कारकों में बीच वर्ष 2007–08 में वृद्धि के मुख्य कारक नीचे दर्शाए गए हैं–:

Thus the additional expenditure on new assets, was the main component of increase during the year 2007-08 among the other factors as shown here under :-

(करोड़ रुपयों में Rs. in crore)

(क) (a)	नई लाइनों का निर्माण Construction of New Lines	2703.26
(ख) (b)	परिसम्पतियों में वृद्धि चलस्टाक, बिजलीकरण परियोजनाएं, मशीन एवं संयंत्र एवं कर्मचारी आवास आदि सहित Addition to Assets including Rolling Stock, Electrification Projects, Machinery & Plant, Staff Quarters etc.	3458.19
(ग) (c)	चल परिसम्पतियां Floating Assets	754.34
(घ) (d)	वर्ष के दौरान बेकार हुई परिसम्पत्तियों की मूल लागत का मूल्यह्रास आरक्षित निधि में अंतरण द्वारा पश्चलेखन। Write back of original cost of retired assets during the year by transfer to Depreciation Reserve Fund	–182.47
(ङ) (e)	महानगर परिवहन परियोजनाएं और परिक्रमा रेलवे Metropolitan Transport Projects and Circular Railways	400.80
	जोड़ Total	7134.12

वर्ष 2007–08 में अनुदान सं. 16 (परिसम्पत्तियां–अधिग्रहण, निर्माण और बदलाव) के अंतर्गत शुद्ध पूंजीगत खर्च (इसमें 1165.00 करोड़ रुपए विशे. रे. सं. नि. को स्थानान्तरित किए गए शामिल नहीं है) बजट अनुमान स्तर पर 6886.31 करोड़ रुपए और संशोधित अनुमान स्तर पर 8121.31 करोड़ रुपए परिकल्पित किये गये थे। तथापि, ब्याज देय पूंजी में वर्धमान मूल्य 7134.12 करोड़ रुपए (इसमें 1165.00 करोड़ रुपए विशे. रे. सं. नि. को स्थानान्तरित किए गए शामिल नहीं है) अर्थात् बजट अनुमान से 247.81 करोड़ रु. अधिक थे और संशोधित अनुमान से 987.19 करोड़ रुपये कम थे।

The net Capital expenditure (excluding Rs. 1165.00 crore transferred to S.R.S.F.) in 2007-08 under Grant No. 16 (Assets - Acquisition, Construction and Replacement) was estimated at Rs. 6886.31 crore at Budget Estimate stage and Rs. 8121.31 crore at Revised Estimate stage. However, the incremental value added to Capital-at-Charge was Rs. 7134.12 crore (excluding Rs. 1165.00 crore transferred to S.R.S.F.) i.e. Rs. 247.81 crore more than the Budget estimate and Rs. 987.19 crore less than the Revised estimate.

9. मूल्यह्रास आरक्षित निधि DEPRECIATION RESERVE FUND

मूल्यह्रास आरक्षित निधि में 3729.11 करोड़ रुपए का अथशेष था। वर्ष के दौरान इस निधि में राजस्व से 5450.00 करोड़ रु. और उत्पादन इकाइयों के संबध में पूंजी से 100.00 करोड़ रु. का अंशदान किया गया था। इस निधि के बकाया पर 253.17 करोड़ रुपए ब्याज के रूप में प्रोद्भूत हुए। आलोच्य वर्ष के दौरान 5774.93 करोड़ रु. की वास्तविक निकासी की गई जबकि बजट अनुमान तैयार करते समय 6070.00 करोड़ रु. और संशोधित अनुमान तैयार करते समय 6250.00 करोड़ रु. की निकासी की परिकल्पना की गई थी। वर्ष के अंत में इस निधि में 3757.35 करोड़ रु. का इतिशेष था।

The Depreciation Reserve Fund opened with a balance of Rs. 3729.11 crore. During the year Rs. 5450.00 crore were contributed from Revenue and Rs. 100.00 crore from Capital in respect of Production Units. A sum of Rs. 253.17 crore accrued as interest on the balance in the Fund. The actual withdrawal during the year amounted to Rs. 5774.93 crore as against the programmed withdrawal of Rs. 6070.00 crore estimated at Budget Estimate and Rs.6250.00 crore in the Revised Estimate. At the end of the year the fund closed with a balance of Rs. 3757.35 crore.

वर्ष 1998–99 से इस निधि से किए गए लेन–देन का वर्षवार विवरण ब्यौरेवार विनियोग लेखे भाग–II में दिखाया गया है।

The transactions in the Fund each year since 1998-99 are shown in Part II-Detailed Appropriation Accounts.

10. विकास निधि DEVELOPMENT FUND

इस निधि में 3111.16 करोड़ रु. का अथशेष था वर्ष के दौरान निधि को राजस्व "आधिक्य" से अंशदान 2359.00 करोड़ रु. और ब्याज 270.64 करोड़ रु. था। वर्ष के दौरान इस निधि में से 2075.17 करोड़ रु. खर्च किए गए। वर्ष के अन्त में इस निधि में 3665.62 करोड़ रु. का इति शेष था।

The Fund opened with a balance of Rs. 3111.16 crore. The contribution from Revenue "excess" to the Fund during the year was Rs. 2359.00 crore and interest of Rs. 270.64 crore. The expenditure from the fund during the year was Rs.2075.17 crore. At the end of the year the fund closed with a balance of Rs. 3665.62 crore.

वर्ष 1998–99 से इस निधि से किए गए लेन–देन का वर्षवार विवरण ब्यौरेवार विनियोग लेखे–भाग–II में दिखाया गया है।
The transactions in the Fund each year since 1998-99 are shown in Part II- Detailed Appropriation Accounts.

11. पेंशन निधि PENSION FUND

पेंशन निधि में 1801.10 करोड़ रु. का अथशेष था। इस वर्ष के दौरान इस निधि में 8089.00 करोड़ रु. की राशि (राजस्व संचालन व्यय से 7979.00 करोड़ रु., विभिन्न उत्पादन इकाइयों से 100.00 करोड़ रु. और 10 करोड़ रु. विभिन्न विविध स्थापनाओं जैसे रेलवे बोर्ड, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, लेखा परीक्षा आदि के लिए) विनियोजित की गई थी और वर्ष के दौरान 0.03 करोड़ रु. भ. नि. अंशदान से निधि को स्थानांनतरित किए गए। इस निधि के शेष पर 130.83 करोड़ रु. का ब्याज प्रोद्भूत हुआ। इस निधि से कुल 7953.20 करोड़ रु. की राशि की निकासी के पश्चात वर्ष के अंत में 2067.76 करोड़ रु. का शेष रहा।
The Fund opened with a balance of Rs. 1801.10 crore. A sum of Rs. 8089.00 crore (Rs. 7979.00 crore from Revenue Working Expenses, Rs. 100.00 crore in respect of various Production Units, Rs. 10 crore in respect of various Miscellaneous Establishments like Railway Board, RDSO, Audit etc. during the year) was appropriated and Rs. 0.03 crore transferred from contribution to PF to the fund during the year. The interest accrued on fund balances amounted to Rs.130.83 crore. The withdrawals from the fund totalled Rs. 7953.20 crore leaving a balance of Rs.2067.76 crore at the close of the year.

वर्ष 1998–99 से इस निधि से किए गए लेन–देन का वर्षवार विवरण ब्यौरेवार विनियोग लेखे भाग–II में दिखाया गया है।
The transactions in the Fund each year since 1998-99 are shown in Part II -Detailed Appropriation Accounts.

12. पूंजी निधि CAPITAL FUND

यह निधि रेल अभिसमय समिति की सिफारिशों के अनुसार वर्ष 1992–93 में प्रारम्भ की गई और इसे 73.18 करोड़ रु. के अथशेष से खोला गया था। वर्ष 2007–08 के दौरान निधि में 5312.74 करोड़ रु. का अथशेष था। वर्ष के दौरान निधि को राजस्व "अधिक्य" से अंशदान 11072.09 करोड़ रुपये था। ब्याज के रूप में प्रोद्भूत 520.74 करोड़ रु. भी निधि में जमा किए गए। वर्ष के दौरान निधि से व्यय 6819.35 करोड़ रुपये हुआ। वर्ष के अंत में 10086.22 करोड़ रु. का इतिशेष था।
This Fund was introduced during the year 1992-93 as per recommendations of Railway Convention Committee and opened with a balance of Rs. 73.18 crore. During the year 2007-08, the fund opened with a balance of Rs. 5312.74 crore. The contribution from Revenue "excess" to the fund during the year was Rs. 11072.09 crore. A sum of Rs. 520.74 crore accrued as interest was also credited to the fund. The expenditure from the fund during the year was Rs. 6819.35 crore. At the end of the year the fund closed with a balance of Rs. 10086.22 crore.

वर्ष 1998–99 से इस निधि से किए गए लेन–देन का वर्षवार विवरण ब्यौरेवार विनियोग लेखे–भाग–II में दिखाया गया है।
The transactions in the Fund each year since 1998-99 are shown in Part-II- Detailed Appropriation Accounts.

13. रेल संरक्षा निधि RAILWAY SAFETY FUND

इस बिना ब्याज वाली निधि को रेल अभिसमय समिति (1999) की सिफारिशों के अनुसार, वर्ष 2001–02 में प्रारम्भ किया गया था और इसे 226.84 करोड़ रुपये के अथशेष से खोला गया था। वर्ष 2007–08 के दौरान, 1910.75 करोड़ रुपए का अथशेष था। इस निधी में 727.26 करोड़ रुपए का विनियोजन किया गया था। इस निधि से कुल 533.35 करोड़ रुपये की निकासी के पश्चात वर्ष के अंत में इसमे 2104.66 करोड़ रुपये का इतिशेष था।
This non interest bearing fund was introduced during the year 2001-02 as per recommendations of Railway Convention Committee (1999) and opened with a balance of Rs. 226.84 crore. During the year 2007-08, the fund opened with a balance of Rs.1910.75 crore. A sum of Rs. 727.26 crore was appropriated to this fund. The withdrawals from the fund totalled Rs. 533.35 crore leaving a balance of Rs. 2104.66 crore at the close of the year.

इस निधि से किए गए लेन–देन को व्यौरेवार विनियोग लेखे–भाग-II में दिखाया गया है।
The transactions in the fund are shown in Part-II-Detailed Appropriation Accounts.

14. विशेष रेल संरक्षा निधि SPECIAL RAILWAY SAFETY FUND

इस बिना ब्याज वाली निधि को रेल संरक्षा समीक्षा समिति (1998) की सिफरिशों के अनुसार, वर्ष 2001–02 में सृजित किया गया था। 2007–08 वर्ष के दौरान इसे 829.49 करोड़ रुपये के अथशेष से खोला गया था सामान्य राजस्व से 1165.00 करोड़ रुपये का अंशदान लाभांश मुक्त अतिरिक्त बजटीय समर्थन के रूप में था। इस निधि से कुल 1396.76 करोड़ रुपये की निकासी के पश्चात वर्ष के अंत में इसमें 597.73 करोड़ रुपये का इतिशेष था।

This non interst bearing fund was created during the year 2001-02 as per recommendations of the Railway Safety Review Committee (1998). During the year 2007-08, the fund opened with a balance of Rs. 829.49 crore. Rs. 1165.00 crore were contributed from General Revenues as dividend free additional budgetary support. The withdrawals from the fund totalled Rs. 1396.76 crore leaving a balance of Rs. 597.73 crore at the close of the year.

इस निधि से किए गए लेन–देन को व्यौरेवार विनियोग लेखे–भाग-II में दिखाया गया है।
The transactions in the fund are shown in Part-II-Detailed Appropriation Accounts.

15. आस्थगित लाभांश देयता DEFERRED DIVIDEND LIABILITY

(क) वर्ष 2007–08 में 4238.93 करोड़ रुपए की राशि लाभांश के रूप में सामान्य राजस्व को देय की गई। आस्थगित लाभांश लेखे की 664.00 करोड़ रुपए की बकाया शेष राशि भी वर्ष के दौरान देय की गई और इस प्रकार इस लेखे की सभी देयताओं का निपटान हो गया।

(a) An amount of Rs. 4238.93 crore was paid to General Revenues as dividend in 2007-08. The balance outstanding amount of Rs. 664 crore in the Deffered Dividend Account was also paid during the year there by clearing all liability on this account.

(ख) रेलवे अभिसमय समिति, 1977 की पांचवी रिपोर्ट में समाविष्ट की गई सिफारिश को ध्यान में रखते हुए, लाभांश को आस्थगित किया गया था, जिसके अनुसार, लाभांश के भुगतान में होने वाली कमी को पूरा करने के लिए रेलवे द्वारा सामान्य राजस्व से लिए जाने वाले अस्थायी ऋण की पूर्व व्यवस्था को 1.4.1979 से समाप्त कर दिया गया था और यह सिफारिश की गई थी कि उस वर्ष में जिसमें चालू देयता को पूरा करने के लिए रेलवे का 'शुद्ध राजस्व' पर्याप्त नहीं है, चालू लाभांश में कमी को आस्थगित लाभांश देयता के रूप में माना जाएगा और उस पर कोई ब्याज प्रभारित नहीं किया जाएगा। आस्थगित लाभांश देयता का भुगतान (i) बकाया विकास निधि ऋण पर देय ब्याज और (ii) विकास निधि को प्रभार्य कार्यों पर किए गए खर्च को पूरा करने के बाद भविष्य में रेलों के पास उपलब्ध अधिक्य में से किया जाएगा।

(b) The dividend was earlier deferred in keeping with the recommendation contained in the Vth Report of the Railway Convention Committee, 1977 as per which the previous arrangement of Railways taking a temporary loan from General Revenues to meet shortfall in the dividend payment was discontinued with effect from 1.4.1979 and it was recommended that in a year in which 'Net Revenue' of the Railway is not adequate to meet current liability, the shortfall in the current dividend shall be treated as a deferred dividend liability on which no interest will be charged. The deferred dividend liability shall be paid out of future surplus available with the Railways after meeting (i) Interest due on the outstanding Development Fund Loan & (ii) expenditure on works chargeable to Development Fund.

(ग) वर्ष 1978–79 से संबंधित देयता को 1992–93 की समाप्ति तक पूर्णतया अदा कर दिया गया है। 2000–01 तथा 2001–02 के दौरान, लाभांश को पुनः आस्थगित किया गया था। गत दस वर्षों की आस्थगित लाभाशं देयता की वर्षवार स्थिति अनुबंध 'ङ' के कालम 3, 4 और 5 में दिखाई गई है।

(c) The liability relating to the year 1978-79 had been discharged completely by the end of 1992-93. During 2000-01 and 2001-02, the dividend was further deferred. Year wise position of Deferred Dividend Liability for the last ten years is shown in column 3, 4, and 5 of Annexure 'E'.

खण्ड SECTION II

16. अंतिम लेखे FINAL ACCOUNTS

भारतीय रेलों (वाणिज्यिक व सामरिक लाइनों) के समेकित लाभ–हानि लेखे, ब्लाक लेखे और तुलन–पत्र के सारांश नीचे दिए गए हैं:–

The following is a summarised version of the consolidated Profit and Loss Account, Block Account and Balance Sheet of the Indian Railways (Commercial and Strategic Lines).

भारतीय रेलों के समग्र तथा प्रत्येक क्षेत्रीय रेलवे के अलग–अलग समेकित लाभ और हानि लेखे, ब्लाक लेखे और तुलन–पत्र अलग से प्रकाशित किये गए हैं। (देखिए ब्यौरेवार विनियोग लेखे भाग–II–अनुबंध ''छ'')

The consolidated Profit and Loss Account, Block Account and Balance Sheet of the Indian Railways as a whole and also of each Zonal Railway are published separately (Annexure 'G'-Part II-Detailed Appropriation Accounts).

16.1 लाभ और हानि लेखा PROFIT AND LOSS ACCOUNT

लाभ–हानि लेखा जो नीचे की तालिका-IV में दिखाया गया है, वर्ष 2007–08 के दौरान सामान्य राजस्व को अदा किए गए 4902.93 करोड़ रु. के लाभांश को लेखे में लेने के पश्चात दिखाया गया है।

The Profit and Loss Account as shown in the Table IV is after accounting for the dividend of Rs. 4902.93 crore paid to the General Revenues during the year 2007-08.

यह 13 411.47 करोड़ रु. का लाभ जिसमें वाणिज्यिक लाइनों के अंतर्गत 13 277.17 करोड़ रु. और सामरिक लाइनों के अंतर्गत 13 4.3 0 करोड़ रु. का लाभ शामिल है।

The profit of Rs. 13411.47 crore consists of profit under Commercial Lines amounting to Rs. 13277.17 crore and Strategic Lines of Rs. 134.30 crore.

तालिका TABLE -IV

(करोड़ रुपयों में Rs. in crore)

नामे DEBIT			जमा CREDIT		
2006–07	विवरण Particulars	2007–08	2006–07	विवरण Particulars	2007–08
	से To			**द्वारा By**	
49071.54	कुल संचालन व्यय #Total Working Expenses	54406.3 9	623 70.49	कुल आमदानी #Gross Earnings	71644.66
123 5.11	विविध व्यय Misc. Expenditure	43 3.59	902.79	विविध प्राप्तियां Misc. Receipts	88.50
51.07	चालू लाइन निर्माण (राजस्व) Open Line Works (Revenue)	46.79	1151.56	सामान्य राजस्व से प्राप्त आर्थिक सहायता Subsidy from General Revenues.	1468.01
4246.81	प्रदत्त लाभांश Dividend Paid	4902.93			
9820.3 1	लाभ Profit	13 411.47	˘	हानि Loss	˘
64424.84	जोड़ Total	73 201.17	64424.84	जोड़ Total	73 201.17

उचंत शामिल नहीं है

Excluding Suspense

16.2 ब्लाक लेखे BLOCK ACCOUNT

2006–07 और 2007–08 के वर्षों के लिए रेलों के ब्लाक लेखे संक्षेप में नीचे (तालिका V और VI में) दिखाए गए हैं।

The Block Account of the Railways for the years 2006-07 and 2007-08 is shown below (Table V and VI) in an abbreviated form.

भाग – I पूंजी विवरण (ऋण लेखा सहित)
Part I CAPITAL STATEMENT (Comprising Loan Account)
तालिका TABLE - V

(करोड़ रुपयों में Rs. in crore)

As on 31.3.2007 को	देयताएं Liabilities	As on 31.3.2008 को	As on 31.3.2007 को	परिसम्पत्तियां Assets	As on 31.3.2008 को
	सरकारी पूंजी Government Capital			**अचल परिसम्पत्तियां** Fixed Assets	
82.99	(क) **विशिष्ट ऋण** (a) Specific Debt.	82.99	178.87	(क) **खरीदी गई परिसम्पत्तियां** (a) Assets acquired by purchase	178.87
66527.90	(ख) **अविशिष्ट ऋण** (b) Non-specific Debt.	73662.02	56966.95	(ख) **अन्य परिसम्पत्तियां** (b) Other Assets	62946.37
66610.89	**जोड़** Total	73745.01	57145.82	**जोड़** Total	63125.24
	अन्य पूंजी Other Capital				
0.03	(क) **जिला बोर्डों आदि द्वारा अंशदान** (a) Contribution by District Boards etc.	0.03	9465.10	**चल परिसम्पत्तियां** Floating Assets	10619.80
66610.92*	**जोड़** Total	73745.04**	66610.92*	**जोड़** Total	73745.04**

भाग II ब्लाक लेखे का विवरण (ऋण लेखा सहित)
Part II STATEMENT OF BLOCK ACCOUNTS (Including Loan Account)
तालिका TABLE - VI

(करोड़ रुपयों में Rs. in crore)

As on 31.3.2007 को	देयताएं Liabilities	As on 31.3.2008 को	As on 31.3.2007 को	परिसम्पत्तियां Assets	As on 31.3.2008 को
*66610.92	**भाग – I पूंजी विवरण (लेखा) केअनुसार किया गया पूंजी निवेश** Capital invested as per Part I Capital Statement (Loan Account)	**73745.04	*66610.92	**भाग – I पूंजी विवरण (ऋण लेखा) के अनुसार अचल और चल परिसम्पत्तियां** Fixed and Floating Assets as per Part I Capital Statement (Loan Account)	**73745.04
23325.78	**मूल्यह्रास आरक्षित निधि** Depreciation Reserve Fund	27154.98	23325.78	**मूल्यह्रास आरक्षित निधि** Depreciation Reserve Fund	27154.98
9515.08	**विकास निधि** Development Fund	11585.12	9515.08	**परिसम्पत्तियां, जिनका सृजन विकास निधि से किया गया।** Assets created from Development Fund	11585.12
994.85	**राजस्व (चालू लाइन निर्माण)** Revenue (Open Line Works)	1041.61	994.85	**परिसम्पत्तियां, जिनका सृजन राजस्व (चा.ला.नि.) से किया गया।** Assets Created from Revenue (Open Line Works)	1041.61
845.44	**विविध** Miscellaneous	860.77	845.44	**विविध** Miscellaneous	***860.77
17885.55	**पूंजी निधि** Capital Fund	24540.33	17885.55	**पूंजी निधि** Capital Fund	24540.33
1339.81	**रेलवे संरक्षा निधि** Railway Safety Fund	1873.16	1339.81	**रेलवे संरक्षा निधि** Railway Safety Fund	1873.16
14379.10	**विशेष रेलवे संरक्षा निधि** Special Railway Safety Fund	15763.43	14379.10	**विशेष रेलवे संरक्षा निधि** Spl. Railway Safety Fund	15763.43
*134896.53	**जोड़** Total	**156564.44	*134896.53	**जोड़** Total	**156564.44

* **इसमें महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) और परिक्रमा रेलवे (पूर्व, दक्षिण मध्य और पश्चिम रेलवे) से संबंधित 4728.02 करोड़ रुपए शामिल हैं।** Includes Rs. 4728.02 crore pertaining to Metropolitan Transport Project (Railways) and Circular Railways (i.e. Eastern, South Central and Western Railways)

** **इसमें महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) और परिक्रमा रेलवे (पूर्व, दक्षिण मध्य और पश्चिम रेलवे) से संबंधित 5130.09 करोड़ रुपए शामिल हैं।** Includes Rs. 5130.09 crore pertaining to Metropolitan Transport Project (Railways) and Circular Railways (i.e. Eastern, South Central and Western Railways).

*** **इसमें महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) मुंबई से संबंधित महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के 856.40 करोड़ रुपए शामिल हैं।** Includes Rs. 856.40 crore pertaining to Metropolitan Transport Project (Railways), Mumbai financed by Maharashtra State Govt.

16.3 तुलन पत्र BALANCE SHEET

भारतीय रेल का 31 मार्च 2008 तक का तुलन–पत्र संक्षेप में निम्नलिखित (तालिका– VII**) में दिखाया गया है। पिछले वर्ष के अंत के तदनुरूपी आंकड़े भी दर्शाए गए हैं।**

The Balance Sheet of the Indian Railways as on 31.3.2008 in a summarised form is shown in (Table-VII). The corresponding figures at the end of previous year have also been given.

तालिका TABLE -VII
तुलन पत्र BALANCE SHEET

(करोड़ रुपयों में Rs. in crore)

As on 31.3.2007 को	देयताएं Liabilities	As on 31.3.2008 को	As on 31.3.2007 को	परिसम्पत्तियां Assets	As on 31.3.2008 को
*13 4896.53	कुल निवेश (ब्लाक लेखा विवरण के अनुसार) Total investment (As in Block Account Statement)	**156564.44	*13 4896.53	अचल और चल परिसम्पत्तियां (ब्लाक लेखा विवरण के अनुसार) Fixed & Floating Assets (As in Block Account Statement)	**156564.44
12793.41	रेलवे तथा अन्य भविष्य निधियां और कर्मचारी हित निधि Railway & Other Provident Fund & Staff Benfit Fund.	13 746.82	18769.14	बैंकिग लेखा (दूसरी ओर इंदराज के अनुसार) Banking Account per Contra	20804.05
48.23	सरकारी कंपनियों के निक्षेप Deposits of Govt. Companies	47.46	1213.39	यातायात उचंत Traffic Suspense	1041.06
			114.11	वसूली योग्य मांगें Demands Recoverable	211.05
5464.81	विविध निक्षेप Miscellaneous Deposit	6587.06	533.74	विविध अग्रिम Miscellaneous Advance	668.38
1.48	अन्य विभागीय अग्रिम Other Departmental Advances	6.21	512.47	हस्त रोकड़ Cash in hand	761.37
454.24	रेल कर्मचारियों और रेलवे सहकारी समितियों को ऋण देने के लिए केन्द्रीय सरकार से अग्रिम Advance from Central Govt. for loans for Rly. Employees & Rly. Co-operative Socities	411.83	16530.02	आरक्षित निधि और निवेश Reserve Funds and Investments	22279.57
6.97	पत्तन प्राधिकारियों को अग्रिम Advance to Port Authorities.	4.67			
18769.14	बैंक लेखा (जोड़) Banking Account (Total)	20804.05			
3729.06	मूल्यह्रास आरक्षित निधि Depreciation Reserve Fund	3757.35	11.51	राज्यों और केन्द्र के साथ हिसाब–किताब (सिविल) Accounts with States and Central (Civil)	11.50
0.23	रेलवे विकास निधि निवेश Railway Development Fund Investment.	0.23	9.96	पाकिस्तान की रेलों के साथ हिसाब–किताब Accounts with Pakistan Railways	9.59
3111.16	विकास निधि Development Fund	3665.62	72.89	रक्षा विभाग के साथ समायोजन लेखा Adjusting Account with Defence.	50.59
